**26.07.2024**

| To, | To |
|---|---|
| The General Manager<br>Listing Compliances<br>**BSE Limited**<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street, Mumbai – 400 001<br>**Scrip Code: 533644** | The General Manager<br>Listing Compliances<br>**National Stock Exchange of India Limited**<br>Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex<br>Bandra (East), Mumbai-400051<br>**Symbol: UEL** |

**Subject: Newspaper advertisement titled 'Notice of the 25th Annual General Meeting, Remote E-Voting and Book Closure.**

Dear Sir/Ma'am,

Pursuant to Regulation 30 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing herewith copies of newspaper advertisements published in – Free Press and Choutha Sansar. which includes the following information:

1. Intimation of 25th Annual General Meeting (AGM) of our Company to be held on Friday, **16th August, 2024** at **3:30 P.M.** at Registered Office of the Company situated at Survey No. 211/1, Opp. Sector-C & Metalman, Sanwer Road, Industrial Area, Indore-452015 (M.P.)

2. Completion of email dissemination on Thursday, 25th July 2024 of the Notice of the 25th AGM and Annual Report for FY 2023-24 to the members whose email ID is registered with the Company/ Depositories.

3. Details of remote e-voting facility provided to the shareholders of the Company, to enable them to cast their votes on the resolutions proposed to be passed at the AGM.

This will also be hosted on the Company's website, at www.ujaas.com

This is for your information & record.

**Thanking you,**
**For Ujaas Energy Limited**

Sarvesh Diwan

Digitally signed by Sarvesh Diwan
DN: c=IN, st=Madhya Pradesh, 2.5.4.20=43e575dbf9b94c68146da5f3dbd87e60de13dc66e710a826aabbfe1ee5b6409a, postalCode=452003, street=NEARCITYHOSPITALINDOREIndoreIndore, pseudonym=d41d8cd98f00b204e9800998ecf8427e, serialNumber=65c041f888d3b575aad77642790ba1b12c71f75c5e4c832cdde00c561b24da05, o=Personal, cn=Sarvesh Diwan
Date: 2024.07.26 14:00:15 +05'30'

**Sarvesh Diwan**
**Company Secretary**
**& Compliance Officer**

Enclosed: Copy of Newspaper Publication

## एक नजर

### विद्यालय में नई प्राचार्या का आगमन

इंदौर । श्री गुजराती समाज अजमेरा मुकेश नेमीचंद इंग्लिश मीडियम स्कूल स्कीम नंबर 54 में पूर्व प्राचार्या डॉक्टर शामली चटर्जी के रिटायरमेंट के पश्चात डॉक्टर सीमा सिसोदिया ने प्राचार्य के पद पर पदभार ग्रहण किया । इस अवसर पर श्री पंकज भाई संघवी,अध्यक्ष ट्रस्ट बोर्ड एवं मानद् महामंत्री श्री गुजराती समाज इंदौर तथा अध्यक्ष श्री कीर्ति भाई पटेल ने सीमा सिसोदिया को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य कामना की । साथ ही इस अवसर पर उपस्थित अन्य उप-प्राचार्य श्रीमती सूजा मैथ्यू ,सुश्री सुनीता प्रसाद ,एडमिनिस्ट्रेटर श्रीमती सोनाली दुबे एवं डॉ प्रतिभा पांडे, एडमिनिस्ट्रेटर श्रीमती सीमा ना पड़े एवं अन्य सभी शैक्षणिक और शैक्षणिक स्टाफ ने भी डॉक्टर सीमा सिसोदिया को प्राचार्या बनने पर बधाई दी।

### मेघदूत गार्डन में देर रात युवक की पिटाई

इंदौर। इंदौर के विजय नगर के मेघदूत गार्डन में बुधवार रात हिंदू जागरण मंच के कार्यकताओं ने एक युवक को पकड़ा है। आरोपी के साथ एक लड़की और दोस्त भी था। उसके मोबाइल में अश्लील वीडियो और फोटो मिले हैं।बुधवार रात मेघदूत गार्डन में रात 12.30 बजे हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता पहुंचे। यहां देर रात एक युवक-युवती को साथ बैठे देखकर कार्यकताओं ने दोनों का नाम पूछा। आरोपी ने अपना नाम पहले रवि बताया। परिचय पत्र मांगा तो उसमें उसका असली नाम साहिल खान वारसी निवासी इलाहाबाद था। साहिल ने बताया कि वह स्कीम 54 के एक कैफे में शेफ है। उसके साथ बैठी लड़की भी उसी होटल में काम करती है। दोनों लिव इन में रहते हैं। कार्यकताओं ने उसका मोबाइल चैक किया तो उसमें कई लड़कियों के अश्लील वीडियो और फोटो मिले। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक राजकुमार टटवाल और मानसिंह ने बताया कि रात में ही दोनों को विजय नगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

### सराफा से 35 ग्राम सोना ले गई महिला चोर

इंदौर। इंदौर के सराफा बाजार से दो महिला चोरों ने 35 ग्राम सोने के आभूषण चुरा लिये। वह अपने साथ दो नाबालिग बच्चों को लेकर पहुंची थी। चोरी के बाद वह करीब दो से ढाई घंटे तक बाजार में घूमती रही। सोना-चांदी व्यापारी की शिकायत के बाद पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है।

सराफा पुलिस के मुताबिक बुधवार को मोहन लाल पुत्र छोटेलाल सोनी निवासी गफ्फूर खां की बजरिया थाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि दोपहर में दो महिलाएं बच्चों को लेकर दुकान पर आई थी। उन्होंने सोने के टॉप्स दिखाने को कहा। इस दौरान दुकान पर रखे दूसरे जेवर पर हाथ साफ कर दिया। शाम को जब स्टॉक चेक किया तो करीब 35 ग्राम सोने के टॉप्स गायब मिले। मोहनलाल के मुताबिक उनकी दुकान पर कैमरे नहीं हैं। लेकिन पुलिस ने शंका के आधार पर मार्केट के सीसीटीवी चेक किये तो संदिग्ध महिलाओं की पहचान की है। जिसमें महिलाएं दूसरी अन्य दुकानों पर भी जेवर देखने पहुंची थी। पुलिस अब फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### नाम बदलकर होटल में रुके फारुख की पिटाई

इंदौर। इंदौर के विजयनगर की एक होटल बुधवार रात हंगामा हो गया। यहां महिला के साथ नाम बदलकर रुके युवक के साथ मारपीट की गई। बाद में उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। विजय नगर पुलिस के मुताबिक इलाके की निजी होटल में बुधवार रात बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंचे। यहां उन्होंने रीवा में रहने वाले फारुख खान को पकड़ा। होटल में उसने ब्रजेश नाम की आईडी दी। उसके साथ अन्य वर्ग की एक महिला थी। जब कार्यकर्ता अंदर घुसे तो उसने अपना नाम ब्रजेश ही बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना असली नाम और आईडी बता दी। फारुख ने कहा कि ब्रजेश उसके दोस्त का नाम है। वह उसी की आईडी लेकर आया था।

**मध्यक्षेत्र में मेट्रो अंडर ग्राउंड चलेगी या नहीं , आगामी 15 दिनों में हो जाएगा फैसला ....**

# 35 दिनों तक चला मेट्रो रुट सर्वे ... मेट्रो कंपनी ने प्रमुख सचिव को सौंपी सर्वे रिपोर्ट

- बंगाली से एयरपोर्ट तक अंडर ग्राउंड मेट्रो के लिए किया था सर्वे
- फ्रांस के मेट्रो प्रोजेक्ट विशेषज्ञ ने दिया मेट्रो कंपनी से दिया इस्तीफा
- उनके स्थान पर मलेशिया के विशेषज्ञ को पदस्थ किया
- दिसम्बर में प्रायोरिटी कॉरिडोर में कमर्शियल रन शुरु करने का प्लान
- आगामी दिनों में नगरीय प्रशासन मंत्री लेंगे अफसरों की बैठक

**विपिन नीमा**

इंदौर। मप्र मेट्रो रेल कम्पनी की सुपर कॉरिडोर पर गांधी नगर स्टेशन से टीसीएस चौराहे तक प्रायोरिटी कॉरिडोर के 5.9 किलोमीटर हिस्से में मेट्रो रेल का कमर्शियल रन शुरु करने की प्लानिंग शुरु हो गई है। कम्पनी का दावा है की दिसम्बर से पहले 5.9 किलोमीटर के अन्तर्गत आने वाले पांच स्टेशन रेलवे ट्रेक, बिजली समेत सारे तकनीकी कार्य लगभग पूर्ण कर लिए जाएगे। दिसम्बर में कमर्शियल रन शुरु करने का टारगेट रखा गया है। इस मामले में मेट्रो के अधिकारियों का कहना है की दिसम्बर में कमर्शियल रन शुरु करने के प्रयास किए जा रहे है। इसी प्रकार एमजी रोड के हाईकोर्ट से लेकर एयरपोर्ट तक मेट्रो को अंडर ग्राउंड चलाने के मामले में मेट्रो कम्पनी ने सर्वे पूरा कर लिया है। सर्वे रिपोर्ट नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव को सौंप दी गई है। आगामी दिनों में इसी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर नगरीय प्रशासन मंत्री अधिकारियों की बैठक लेकर फाइनल निर्णय लेंगे।



जानकारी के मुताबिक मप्र मेट्रो रेल कम्पनी ने इंदौर में मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त से सर्टिफिकेट जारी करने के लिए सितंबर 2024 की तारीख तय की है। यहां से अनुमति मिलते ही दिसंबर 2024 तक इंदौर की जनता को मेट्रो की सुविधा मिलने लगेगी। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि इंदौर में अभी सब कुछ प्लानिंग के अनुसार हो रहा है। हमने दिसंबर 2024 तक जनता के लिए मेट्रो शुरू करने का लक्ष्य तय किया है। हालांकि अभी प्रारंभिक चरण में गांधीनगर से टीसीएस चौराहे तक के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर तक ही कमर्शियल रन रहेगा। इसके आगे के हिस्से में काम चल रहा है। इस संबंध में मेट्रो कम्पनी के अधिकारी शोभित टंडन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया की हम पूरा प्रयास कर रहे है की दिसम्बर में प्रायोरिटी कॉरिडोर में कमर्शियल रन शुरु हो जाए ताकि इंदौर के लोगों को मेट्रो में सफर शुरु कर सके। फिलहाल गांधी नगर से लेकर सुपर कॉरिडोर होते हुए विजय नगर, रेडिसन और रोबोट चौराहा तक के साढ़े 17 किलोमीटर तक के पहले चरण के एलिवेटेड कॉरिडोर का काम चल रहा है।

**सर्वे पूरा - रिपोर्ट सौंपी-** इंदौर के एमजी रोड क्षेत्र में यानी हाईकोर्ट से लेकर एयरपोर्ट तक का मेट्रो रुट अभी भी विवादों में उलझा हुआ है। मेट्रो के अधिकारियों ने बताया की बंगाली चौराहे से लेकर एयरपोर्ट तक का सर्वे पूरा कर लिया गया है। इसकी पूरी सर्वे रिपोर्ट तैयार कर नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव को सौंप दी गई है। आगामी दिनों में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सर्वे रिपोर्ट को लेकर अधिकारियों की बैठक लेंगे। इसी बैठक में तय होगा की एमजी रोड क्षेत्र में मेट्रो चलाना है या नहीं। मेट्रो के एक अधिकारी ने सर्वे रिपोर्ट के बारे में पूरी तरह से खुलासा तो नहीं किया लेकिन संकेत दिए है की बंगाली चौराहे से एयरपोर्ट तक मेट्रो को अंडर ग्राउंड चलाने के लिए कई मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने यह नहीं बताया की कौन कौन सी मुश्किलें आएंगी। आगामी 15 दिनों के भीतर इंदौर या भोपाल में मेट्रो की बैठक होगी।

**फ्रांस के विशेषज्ञ साइमन फ्यूरी ने दिया मेट्रो कम्पनी से इस्तीफा-** मेट्रो कम्पनी से एक नई जानकारी मिली है की अभी पिछले दिनों भोपाल में हुई बैठक में फ्रांस के विशेषज्ञ साइमन फ्यूरी की कुछ तकरार मेट्रो कॉपोरेशन के अधिकारियों के साथ हुई। उसके बाद उन्होंने अपनी नौकरी से ही इस्तीफा दे दिया और मुंबई में चल रहे प्रोजेक्ट से वे जुड़ गए। जीसी कंसल्टेंट की तरफ से इंदौर-भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में फ्रांस के विशेषज्ञ साइमन फ्यूरी ने जिम्मेदारी ले रखी थी और पिछले तीन सालों से वे ही मेट्रो प्रोजेक्ट का तकनीकी पक्ष देख रहे थे। साइमन के स्थान पर मलेशिया के नए विशेषज्ञ को इंदौर - भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में पदस्थ किया गया है। उन्होंने कम्पनी में प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रुप में काम भी शुरु कर दिया है।

## पंचायत कार्यालय बंद मिलने पंचायत सचिव निलंबित

इंदौर । वर्तमान मे राजस्व पोर्टल पर कृषकों का ई-केवायसी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा समस्त पंचायत कार्यालयों में प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से केम्प आयोजित कर ऑनलाईन ई-केवायसी कार्य के निर्देश दिये गये हैं।

जनपद पंचायत सांवेर की ग्राम पंचायत नागपुर के पंचायत सचिव धीरज सिंह पवार को नियमित रूप से पंचायत मुख्यालय पर उपस्थित न रहने, राजस्व अभियान व अन्य महत्वपूर्ण शासकीय कार्यों में लापरवाही, वरिष्ठ कार्यालय को समय पर जानकारी उपलब्ध नहीं कराने के कारण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा धीरज सिंह पवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ द्वारा सभी पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया है कि अपने ग्राम पंचायत कार्यालय में नियमित रूप से समय पर उपस्थित रहें। विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों में लक्ष्य प्राप्त किये जायें। कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं है। वर्तमान में राजस्व ई-केवायसी अभियान अन्तर्गत पंचायत में केम्प आयोजन एवं ई-केवायसी की प्रगति की प्रतिदिन जिला पंचायत कार्यालय द्वारा समीक्षा की जायेगी।

## दिल्ली के न्यूरोलॉजिकल मरीजों को आज देगे परामर्श

इंदौर। इंदौर के नागरिकों को सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, द्वारका, दिल्ली के मशहूर न्यूरोसर्जन, डॉ. अनुराग सक्सेना 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच डॉ. अक्षत पांडे क्लिनिक में मरीजों को परामर्श देने के लिए आएंगे।

आबादी की बढ़ती उम्र, जीवनशैली में परिवर्तन, और निदान की बेहतर तकनीकों के कारण न्यूरोलॉजिकल समस्याएं ज्यादा सामने आने लगी हैं। ये विकार लोगों पर गहरा असर डाल रहे हैं, जिससे उनकी गतिशीलता, कॉग्निशन और जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती हैं। इसकी वजह से होने वाली आम समस्याओं में ब्रेन ट्यूमर, रीढ़ की हड्डी की समस्याएं, स्ट्रोक और मस्तिष्क की चोट शामिल हैं। इन समस्याओं के कारण मरीज और उनके परिवारों को शारीरिक और भावनात्मक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, जिसके लिए सर्जरी और लंबे समय तक

इलाज की जरूरत पड़ सकती है। विशेषज्ञ न्यूरोसर्जिकल केयर की बढ़ती जरूरत से शीघ्र निदान और आधुनिक इलाज का महत्व प्रदर्शित होता है, ताकि मरीजों को बेहतर गुणवत्ता का जीवन मिल सके।

बढ़ती न्यूरोलॉजिकल समस्याओं के बारे में डॉ. अनुराग सक्सेना, क्लस्टर हेड, दिल्ली/एनसीआर - न्यूरोसर्जरी विभाग, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, द्वारका ने कहा, ह्यह्यन्यूरोलॉजिकल समस्याएं नसों के नेटवर्क में विकार के कारण उत्पन्न होती हैं।

## पश्चिम मप्र में रूफ टॉप सोलर नेट मीटर से ऊर्जा उत्पादन अब 15580 स्थानों पर

### हरियाली संरक्षण और प्रदूषण से मुक्ति के लिए बढ़ती जा रही लोगों में रूचि

इंदौर। सौर ऊर्जा की ओर पश्चिम मप्र में आम लोगों, मौजूदा बिजली उपभोक्ताओं की रूचि में सतत बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। रूफ टॉप सोलर नेट मीटर योजना के तहत अब तक मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र मालवा निमाड़ अंचल में 15580 उपभोक्ता जुड़े हैं। सभी 15580 स्थानों के उपभोक्ताओं को बिजली बिल में काफी रियायत मिल रही हैं, लोगों के बढ़ती रूचि के कारण हरियाली संरक्षण एवं प्रदूषण से मुक्ति की भावना का भी संचार हो रहा हैं।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के प्रारंभ के बाद रूफ टॉप सोलर मीटर लगवाने वालों की संख्या में तुलनात्मक तेजी आई हैं। इंदौर महानगर के साथ ही उज्जैन, देवास, रतलाम जैसे बड़े शहरों में सौर ऊर्जा के प्रति रूझान में सतत बढ़ोत्तरी देखी गई है। इसी कारण फरवरी से जुलाई माह के दूसरे सप्ताह तक करीब सवा चार हजार उपभोक्ता इस योजना से जुड़े हैं। इन सभी के घर, परिसर, छतों पर पैनल्स लग चुकी है, इनसे उत्पादित ऊर्जा की विधिवत रीडिंग, बिलिंग भी जारी है। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि निम्न दाब श्रेणी के करीब 15100 और उच्चदाब श्रेणी के 480 इस तरह कुल 15580 हजार उपभोक्ता अपने परिसरों से पैनल्स के माध्यम से बिजली तैयार कर रहे है। श्री तोमर ने बताया कि तीन किलो वॉट तक के संयंत्र पर 78 हजार रूपए की सब्सिडी भी केंद्र शासन की ओर से सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में प्राप्त हो रही है। श्री तोमर ने बताया कि सौर ऊर्जा उत्पादन से पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा मिल रहा है, क्यों कि सौर ऊर्जा उत्पादन में न को कोयला लगता हैं, न ही पानी की आवश्यकता होती है। साथ ही यह ऊर्जा प्रदूषण रहित ऊर्जा होती हैं।

## रेडीमेड कारखाना संचालक ने फांसी लगाई

### लॉकडाउन के बाद से हो रहा था घाटा, कारखाना भी बंद करना पड़ा

इंदौर। इंदौर के सदर बाजार इलाके में रहने वाले एक रेडीमेड कारखाने के संचालक ने सुसाइड कर लिया। बताया जाता है कि लॉक डाउन के बाद से वह व्यवसाय ठप होने के चलते डिप्रेशन में चला गया था। इसके बाद कर्ज से उबर नहीं पाया। कुछ दिन पहले कारखाना बंद हो गया। जिससे वह और तनाव में आ गया था।

सदर बाजार पुलिस के मुताबिक नदीम (24) पुत्र रफीक ने अपने घर में फांसी लगा ली। बुधवार शाम उसकी मां ने उसे फंदे पर देखा। परिवार के लोगों ने बताया कि नदीम रेडीमेड का कारखाना अपने भाई के साथ चलाता था। लॉक डाउन में काम काज ठप हो गया। तब से वह डिप्रेशन में था। पिछले कुछ दिनों से काम भी ठीक नहीं चल रहा था। आर्थिक नुकसान के चलते एक सप्ताह पहले कारखाना बंद करना पड़ा। इसके चलते तनाव और बढ़ गया था। परिवार में नदीम का एक भाई और माता-पिता हैं।

**नर्सरी में युवती की बिगड़ी तबीयत, मौत-** तेजाजी नगर इलाके में नर्सरी में काम के दौरान एक युवती की तबीयत बिगड़ गई। उसे परिवार के लोग अस्पताल लेकर आए। डॉक्टरों ने शरीर में जहर की पुष्टि की। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पायल (20) पुत्री रामचरण परमार की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पिता ने बताया कि वह वन मंडल की नर्सरी में काम करती थी। बुधवार दोपहर चौकीदार का कॉल आया। उसने तबीयत बिगड़ने की बात कही। पिता उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। गुरुवार सुबह पायल की मौत हो गई। पिता के मुताबिक वह लोहामंडी में काम करते हैं। पायल छह बहनों में सबसे बड़ी थी।

**NAME CHANGE**

I, **Kalpesh Adiecha**
s/o Shantilal adiyecha
I have Changed My Name
from **Kalpesh Adiyecha**
for all Future purposes.
**Address-**
101 Krishna Apartment
6 Janki Nagar Main Navlakha
Indore( M.P.) PIN- 452001

**न्यायालय तहसीलदार,तहसील भिचौली हप्सी जिला इन्दौर**
(प्रशासनिक संकुल कक्ष क्रमांक जी-09)
क्रमांक 697/री/2024 इन्दौर, दिनांक 16/07/24
प्र.क्र. 466/अ-6/24-25
-:: उद्घोषणा ::-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीमती नलिनी पति श्री महेंद्र कुमार जैन (पुत्री भानुप्रकाश सोनी ) पता 111-सी, नेमी नगर, जैन कॉलोनी इंदौर द्वारा म०प्र० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम भिचौलीहप्सी स्थित भूमि सर्वे न. 16/2/11, 17/5 रकबा 0.149 हैक्टेयर भूमि पर अनावेदक संजय पिता भानुप्रकाश के स्थान पर राजस्व रिकार्ड में नामातरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है। 23/07/4 अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 29.7.24 तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय में सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी 16/07/24

तहसीलदार
तहसील भिचौली हप्सी, इन्दौर

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**
**ई-निविदा सूचना**

निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (एसएण्डटी) पश्चिम रेलवे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिये ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना:** SnT_RTM_24_11_Signal **दिनांक:** 24.07.2024 **कार्य का नाम:** बाड़ लगाने के कार्य के संबंध में भूमिगत केबलों की सुरक्षा के लिए एस एंड टी कार्य के संबंध में सिगनल सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹21,97,321.68/- (रु इक्कीस लाख सत्तानबे हजार तीन सौ इक्कीस और अड़सठ पैसे मात्र) **निविदा फार्म का मूल्य:** शून्य **बयाना राशि:** ₹44,000/- **कार्य पूरा करने की अवधि:** आठ (08) महीने **ई-निविदा जमा करने के लिये बंद करने का समय एवं दिनांक:** 19.08.2024 को 15.00 बजे तक **ई-निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** 19.08.2024 को 15.30 बजे के बाद। **वैधता:** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। यह टेंडर www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखा व जमा किया जा सकता है।

मंरेप्र (संकेत व दूर संचार) रतलाम, परे
SPA/6/1/160
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

**नाम परिवर्तन**

पूर्व में मेरा नाम सकीना (SAKINA) पति युनुस (YUNUS) था। अब मैने नाम परिवर्तित कर नया नाम सकीना कपाड़िया (SAKINA KAPADIYA) पति युनुस कपाड़िया (YUNUS KAPADIYA) रखलीया है। अब से मुझे मेरे नए नाम सकीना कपाड़िया (SAKINA KAPADIYA) पति युनुस कपाड़िया (Y U N U S KAPADIYA) के नाम से जाना एवं पहचाना जावें।

**नया नाम - सकीना कपाड़िया,**
नि, मकान नं 208, लक्कड़ पीठा रोड, रतलाम (म.प्र)

**जाहिर सूचना**

दिनांक-.........

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकारगण हरीश मंगलानी पिता गंगाराम मंगलानी निवासी इन्दौर के स्वामीत्व एवम् आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 896 / 1, 899 /2, 901/2, 896/1119 / 1 रकबा हेक्टयर में क्रमशः 0.050, 1.051, 0.277, 0.041 कुल रकबा 1.419 हे. जो कि ग्राम आम्बाचंदन तहसील महू जिला इन्दौर (म.प्र.) में स्थित है। यदि सदर सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वारिस संस्था, निकाय आदि का किसी भी प्रकार का हक, हिस्सा भार अथवा बोंझ (जैसे कर्ज, जमानत, मेन्टेनेंस, अटेचमेन्ट, डिक्री आदि) हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनाक से 7 सात दिन के अन्दर मुझसे मय लेखी सप्रमाण आकर मिले अन्यथा अवधि गुजरने के पश्चात हमारे पक्षकार सदर सम्पत्ति बाबद् राजस्व न्यायालय के माध्यम से राजस्व अभिलेख में नक्शा बंटाकन अपने हित में करवा लेवेंगे। तत्पश्चात किसी की आपत्ति मान्य नही होगी । सो विदित होवे ।

दिनांक 25/07/2024

जितेन्द्र जोशी जोशी
कार्यालय-213 सांधी स्ट्रीट महू
मोबाईल नंबर - 9200727874, 7000674694

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील, नीमचनगर जिला नीमच (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक/0184/अ-6/2024 25 दिनांक 22.07.2004

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण जनता ग्राम बघाना को सूचित किया जाता है, आवेदक हरिओम शर्मा पिता रमेशचन्द्र शर्मा निवासी श्रीराम मंदिर गादोला, तहसील व जिला प्रतापगढ़ राजस्थान के द्वारा इस न्यायालय में म०प्र०भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत लोक सेवा केन्द्र में आवेदन प्रस्तुत किया गया। जो इस न्यायालय को प्राप्त हुआ। आवेदन पत्र में ग्राम बघाना में स्थित भूमि सर्वे नं. 216/6 रकबा 0.0070 हेक्टर भूमि पर मृतक खातेदार/सहखातेदार प्रार्थी के पुष्पाबाई पति प्रहलाद शर्मा जाति ब्राहम्ण निवासी नाका नं. 4 के पीछे नीमच केंट बघाना को होने से मृतक के स्थान पर वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नामान्तरण करवाना चाहा।

2. इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 29-07-2024 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय में स्वयं या जर्ये अभिभाषक के प्रस्तुत कर सकता है । समयावधि समाप्त होने के पश्चात किसी भी आपत्ति आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाकर प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 22.07.2024 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
नीमच नगर

**उजास एनर्जी लिमिटेड**
CIN : L31200MP1999PLC013571
पंजीकृत कार्यालय : सर्वे नं. 211/1, सेक्टर सी व मेटलमैन के सामने सांवेर रोड इंडस्ट्रियल एरिया, इन्दौर - 452015 (म.प्र.)
फोन : 0731-4673788 फैक्स : 0731-4715344
ईमेल: cs@ujaas.com वेबसाईट: www.ujaas.com

**25वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना, रिमोट ई-वोटिंग एवं बुक-क्लोजर की सूचना**

**वर्षिक आम बैठक (एजीएम)** : एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **उजास एनर्जी लिमिटेड** ("कंपनी") के सदस्यों की पच्चिसवीं (25वीं) वार्षिक आम बैठक (एजीएम) **शुक्रवार, 16 अगस्त, 2024 को दोपहर 3:30 बजे** कंपनी के पंजीकृत कार्यालय, सर्वे संख्या 211/1, सेक्टर–सी, मेटलमैन के सामने, सांवेर रोड इंडस्ट्रियल एरिया, इंदौर–452015 (म.प्र.) में आयोजित की जाएगी। उक्त एजीएम बुलाने के नोटिस में उल्लिखित व्यवसायों के लेन–देन के लिए, साथ ही, सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्षिक रिपोर्ट 2023–24 के साथ एजीएम की सूचना उन सभी सदस्यों को भेजी जा रही है जिनके ई–मेल पते कंपनी / डिपॉजिटरी पार्टीसिपेंस के पास पंजीकृत हैं। सदस्य ध्यान दें कि नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट 2023–24 कंपनी की वेबसाइट **www.ujaas.com** एवं स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट बीएसई लिमिटेड **www.bseindi.com** और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **www.nseindia.com** पर भी उपलब्ध होगी।

**बुकक्लोजर** : एजीएम के उद्देश्य से सदस्यों का रजिस्टर और कंपनी की शेयर ट्रांसफर बुक 10 अगस्त 2024 से 16 अगस्त 2024 ( दोनों दिन शामिल ) तक बंद रहेंगी।

**ई–वोटिंग** : कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोट देने के अपने अधिकारों का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है और सेंट्रल डिपॉजिटरिस सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") के रिमोट ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से एजीएम बुलाने की सूचना में उल्लेखित सभी प्रस्तावों पर लेन देन हो सकता है। सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट–ऑफ तारीख यानी 09 अगस्त, 2024 को कंपनी की चुकता शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होंगे। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

i. एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान के माध्यम से किया जा सकता है
ii. रिमोट ई–वोटिंग 13 अगस्त, 2024 (सुबह 9 बजे आईएसटी) से शुरू होगी।
iii. रिमोट ई–वोटिंग 15 अगस्त, 2024 (शाम 5.00 बजे आईएसटी) को समाप्त होगी।
vi. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से या एजीएम में मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने की कट–ऑफ तिथि 09 अगस्त, 2024 है
v. कोई भी व्यक्ति जो कंपनी के शेयरों का अधिग्रहण करता है और एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट–ऑफ तिथि के अनुसार शेयर रखता है, वह **helpdesk.evoting@cdslindia.com** या **investor@bigshareonline.com** पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही ई–वोटिंग के लिए सीडीएसएल के साथ पंजीकृत है, तो मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग वोट डालने के लिए किया जा सकता है।
vi. सदस्य ध्यान दें कि :
क) रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को सीडीएसएल द्वारा 15 अगस्त, 2024 को शाम 5:00 आईएसटी, बजे के बाद निष्क्रिय कर दिया जाएगा, और एक बार किसी प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा वोट डाले जाने के बाद, उसे बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
ख) बैठक में उपस्थित सदस्यों के लिए एजीएम में मतदान पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
ग) जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी एजीएम में शामिल हो सकते हैं, लेकिन फिर से वोट डालने के हकदार नहीं होंगे। तथा
घ) केवल वही व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया का उपयोग कर के या एजीएम में बैलेट पेपर का उपयोग करके मतदान करने का हकदार होगा।

यदि आपके पास ई–वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप नीचे दिए गए व्यक्ति से संपर्क कर सकते हैं:
नाम : सर्वेश दीवान
पद : कंपनी सचिव
पताः सर्वे नंबर 211/1, ओपी सेक्टर–सी, और मेटलमैन, सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र, इंदौर (म.प्र.)–452015 ई–मेल आईडीः **cs@ujaas.com** फोन : 0731–4673788

दिनांक : 25 जुलाई, 2024
स्थान : इन्दौर

उजास एनर्जी लिमिटेड के लिए
हस्ते/-
सर्वेश दीवान
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एसीएस नं. ए70139

C/o/n/v/e/y-Ad

**कार्यालय नगर परिषद धरमपुरी, जिला - धार (म.प्र.)**

कमांक/ईटेण्डर/1139/2024 धरमपुरी, दिनांक 23.07.2024

**- ई - निविदा आमंत्रण सूचना -**

एतद् द्वारा समस्त समक्ष श्रेणी पंजीकृत ठेकेदार / फर्म को सूचित किया जाता है कि, निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रतिशत दर पर ऑनलाईन ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है ।

| ई-टेण्डर आई.डी. क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि रू. | निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2024_UAD_359600_1 | DEVLOPMENT OF GREEN SPACES NEAR KHUJAWA PUNARWAS DHARAMPURI DIST. DHAR (M.P.) UNDER AMRUT 2.0 SCHEME (5TH CALL NIT) | 18.56 LACK | 13920/- | 08.08.2024 |
| 2024_UAD_359600_2 | CONSTRUCTION OF CC ROAD NALLA AND SHED ON MUKIDHAM AT WARD NO. 05 AND 06 UNDER RAJYA VITT AYOG FUND | | | |

नोट :- अन्य विवरण उपरोक्त पोर्टल पर अथवा कार्यालय मे कार्यालयीन समय पर देखे जा सकते है । उपरोक्त कार्य के ौंल्ल्ौंल्ल३२ केवल वेबसाईट पर ही CORRIIGENDUM/ADDENDUM DETAILS अन्तर्गत प्रकाशित किये जावेंगे।

नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद, धरमपुरी
जिला धार (म.प्र.)